## एक नजर में

### नरसिंहगढ़ विद्यालय में राइस कार्यक्रम अंतर्गत संयुक्त क्रिकेट मैच

**नरसिंहगढ 06 दिसम्बर, सं.** शनिवार को मॉडल स्कूल नरसिंहगढ़ में राइस कार्यक्रम के तहत गर्ल राइजिंग और चाईल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट ने विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से बालक एवं बालिकाओं के बीच संयुक्त क्रिकेट मैच का आयोजन किया इस गतिविधि का उद्देश्य खेल के माध्यम से समानता के संदेश को मजबूत करना था, ताकि छात्र-छात्राएँ टीमवर्क, नेतृत्व और समान अवसर के महत्व को अनुभव कर सकें. राइस कार्यक्रम वर्तमान में राजगढ़ जिले के 24 शासकीय विद्यालयों में संचालित है, जो विद्यार्थियों के सामाजिक-भावनात्मक विकास, लैंगिक समानता और नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है. मैच के दौरान बच्चों ने जाना कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग, आत्मविश्वास और सम्मान का माध्यम भी है. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान किए गए. आयोजन के दौरान विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सिंह हाड़ा, शिक्षक तरुण शर्मा, दीपा दुबे एवं भगवान सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया.

### ई ऑफिस प्रशिक्षण दिया

**राजगढ़ 06 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समस्त तहसील कार्यालय एवं समस्त जनपद कार्यालय के कर्मचारियों को ई- ऑफिस प्रशिक्षण प्रदान किया गया. समस्त तहसील एवं जनपद कार्यालय में ई ऑफिस का अधिक से अधिक उपयोग करने के निर्देश कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दिए गए. साथ ही जिला ई- गवर्नेंस प्रबंधक श्री अभिषेक रघुवंशी एवं सहायक प्रबंधक श्री पुनीत गर्ग द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया.

### संविधान परिचर्चा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शपथ ली

**पडाना 06 दिसम्बर, सं.** मंडलम स्तर पर संविधान पर परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं पड़ाना मंडलम कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संविधान पर परिचर्चा की गई. कार्यक्रम का शुभारम्भ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष शफीक अंसारी, जनपद सदस्य बनवारी लाल मालवीय आदि ने किया. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि हमारे देश का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है-जो हर नागरिक को समान अधिकार देता है, कर्तव्य समझाता है और समानता, न्याय व स्वतंत्रता की गारंटी देता है. इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को मिटाने के लिए मोदी सरकार लगी हुई है. कांग्रेस के लोगों ने आजादी की लड़ाई लड़ी है और भाजपा के लोगों ने मुखबरी की है. संविधान परिचर्चा में उपस्थित काग्रेस कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाई गई. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमल गुर्जर, रईस हाफिज, नवाब अंसारी, गंगाराम मालवीय, इस्माइल मंसूरी, बाबूलाल मालवीय, रामबाबू सेन, तालिब अंसारी, राम सिंह मालवीय, मजीत मंसुरी, बाबुलाल मालवीय मगराना, आजम अंसारी, रफीक बाबा, बामू जाटव, कालूराम कांकरिया, धन सिंह मालवीय, बिहारी लाल जाटव, साकिर भाई, मोहम्मद हुसैन, अजहर नजीर, नौशाद, बच्चु, कमल राणा परमार, शाकीर भाई सदर, मोहनलाल जाटव, दिनेश पुरी, बुंदू भाई, नार्वे सिंह जाटव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# बस में चोरी के बाद बैग फेवी क्विक से चिपकाया

## हाथ में आया हाथरस गैंग : ब्यावरा देहात, मुरैना जीआरपी और हाथरस पुलिस ने की सर्चिंग, 3 आरोपी धराए, 3 फरार

**चार्टड बस में वृद्ध महिला से 19 नवंबर को हुई थी चोरी की वारदात**

**गहने और नगदी बरामद किए**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 06 दिसम्बर, का.** चलती बस में दबे पांव गहने और नगदी उड़ाने वाले उत्तर प्रदेश के हाथरस गैंग के 3 आरोपी पुलिस के हाथ लग गए है. नवंबर माह में हुई घटना के बाद पुलिस ने तकनीकि साधनों की मदद से आरोपियों को रिकॉर्ड समय में माल सहित धर दबोचा है. गैंग के 6 में से 3 सदस्य पकड़ में आ चुके है. बाकी को पुलिस टीम तलाश कर रही है. पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया है. इधर एसपी अमित तोलानी ने पूरी पुलिस टीम को बधाई देते हुए घटना का खुलासा किया है. फरियादी वृद्धा के साथ हुई घटना के बाद हड़कंप मचा हुआ था.

### श्योपुर-मुरैना मार्ग से धराए आरोपी

शिकायत पर थाना देहात ब्यावरा में अपराध क्रमांक 330/25, धारा 305(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. घटना को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई.टीम द्वारा मिर्जापुर में दबिश दी गई, परंतु आरोपी बाहर होने से पकड़े नहीं गए. तकनीकी लोकेशन पर आधारित ट्रैकिंग के बाद तीन आरोपी जौरा बस स्टैंड (श्योपुर/मुरैना मार्ग) से गिरफ्तार किए गए. पूछताछ पर आरोपियों ने अपने तीन फरार साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया. आरोपियों के पास से बरामद मशरुका कुल 26 लाख रूपए कीमती सोने के 21 तोले आभूषण, चांदी के 1 किलो 300 ग्राम के आभूषण, नगदी 80 हजार आरोपियों के कब्जे से विधिवत जप्त किया गया.

### अलर्ट- यात्रा के दौरान बसों में सतर्कता बरतें

इधर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे तथा एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा ने खुलासे के दौरान नागरिकों से यात्रा के दौरान अपने सामानों की देखभाल रखने, संदिग्ध नजर आने पर पूछताछ करने और इस तरह के मामले होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की है. इस कार्यवाही में थाना देहात ब्यावरा टीम से उनि. धर्मेन्द्र शर्मा सहित दीपक यादव, विक्रम सिंह, नीलेश पंत, रवि मोर्य, धीरेन्द्र अहिरवार सहित जीआरपी मुरैना से उनि. अमित शर्मा, आरक्षक भोला और उत्तर प्रदेश के थाना हाथरस जंक्शन से उनि. यदुनाथ सिंह, आर कुलदीप का योगदान रहा. एसपी अमित तोलानी ने हाथरस के एसपी और पुलिस टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया है.

### इस तरह की चलती बस में हुई गहनों की चोरी



एक आरोपी ने वृद्धा से कहा आप सीट के नीचे बैग रख दीजिए बैठने में सहूलियत होगी. इसके बाद सीट के नीचे रखे बैग को पीछे की सीट पर बैठे दो बदमाशों ने ब्लेड से काटा और गहने निकालने के बाद फेवी क्विक से फिर चिपका दिया. महिला ने घर जाकर बैग खोला तो चैन जाम होने पर शक हुआ और चोरी की बात पता चली. घटना बीते 19 नवंबर की है. फरियादिया पवित्रा बाई पति रूप सिंह नागर, उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बरोटा, जिला देवास ने 23 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि मक्सी से चार्टेड बस में यात्रा के दौरान उसके बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी 80 हजार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है.

### हाथरस गैंग के 3 आरोपी पकड़ाए, 3 फरार

हाथरस गैंग के 6 आरोपियों में से 3 को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. इनमें टिंकू उर्फ टिंका अहेरिया, धर्मेन्द्र अहेरिया, अनमोल अहेरिया, बंटी अहेरिया, भूपेन्द्र अहेरिया (सभी निवासी मिर्जापुर, उ.प्र. और नूरसिंह अहेरिया निवासी मोहदीनपुर, ऐटा (उ.प्र. शामिल है. इनमें से टिंकू उर्फ टिंका पिता रामजीलाल अहेरिया, उम्र 34 वर्ष, निवासी मिर्जापुर, हाथरस (उ.प्र.), धर्मेन्द्र पिता जंगबहादुर अहेरिया, उम्र 47 वर्ष, निवासी मिर्जापुर, हाथरस, नूरसिंह पिता गोवर्धन अहेरिया, उम्र 60 वर्ष, निवासी मोहदीनपुर, हाथरस (उ.प्र.) को पुलिस तलाश कर रही है. इधर गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं पुलिस रिमांड जारी है.

## दो दिन में 4 डिग्री गिरा पारा

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 06 दिसम्बर, का.** तीन दिन पूर्व 9 डिग्री पर रहा न्यूनतम तापमान शनिवार को 5 डिग्री पर जा पहुंचा. दो दिन में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट हुई है, सर्द हवाओं के चलने से परेशानी और अधिक बड़ गई है. विदित है कि बुधवार को न्यूनतम तापमान 9 तथा गुरुवार को 9.4 डिग्री रहा जो शुक्रवार को 6 डिग्री पर आ गया और शनिवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर जा पहुंचा. एकाएक बड़े ठंड के प्रकोप और सर्द हवाओं ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है, ठंड के बढ़ते प्रकोप के बावजूद नपा द्वारा अभी अलाव जलाना शुरु नहीं किया गया है.

**आसमान में छाए बादल-** शनिवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री पर जा पहुंचा किंतु दिन में बादल छाए रहे. मौसम विभाग के अनुसार बादल छाने से न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी. **अलाव से मिलती है राहत-** नपा द्वारा बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, पीपल चौराहा, सिविल अस्पताल परिसर आदि जगहों पर शाम और सुबह के समय अलाव जलाया जाता है. किंतु इस बार आज दिनांक तक नपा द्वारा अलाव शुरु नहीं किया गया. नपा प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही अलाव शुरु कर दिया जाएगा.

# स्थापना दिवस पर कंधे से कंधा मिलाकर परेड

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 06 दिसम्बर, का. होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर परेड का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि राजगढ़ विधायक श्री अमर सिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी, होमगार्ड विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी/जवान तथा अन्य होमगार्ड/एसडीईआरएफ/पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी/जवान उपस्थित रहे. डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड श्री डी.आर. वर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया.**

समारोह में पेरड हेतु 02 होमगार्ड एवं 02 सिविल डिफेन्स वालिन्टियर्स के प्लाटून लगाये गये, परेड का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड रणजीत सिंह भिलाला द्वारा किया गया. परेड टू आई.सी. हवलदार अनुदेशक होमगार्ड श्री अशोक कुमार कौरव रहें. विधायक श्री यादव द्वारा परेड का निरीक्षण कर परेड द्वारा सलामी दी गई. समारोह के दौरान विधायक श्री यादव द्वारा गृह मंत्री के संदेश का, कलेक्टर डॉ. मिश्रा महामहिम राष्ट्रपति के संदेश का एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी द्वारा महानिदेशक होमगार्ड एवं सिविल डिफेन्स के संदेश का वाचन किया गया. जिसके अंतर्गत होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों द्वारा लगातार आपदाओं के दौरान निरंतरता के साथ राहत व बचाव कार्य, पुलिस व प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कानून व्यवस्था ड्यूटी, चुनाव ड्यूटी एवं अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों में योगदान पर सराहना व्यक्त की गई. समारोह में होमगार्ड एवं सिविल डिफेन्स सदस्यों के बीच रस्साकसी एवं चेयर रेस जैसे खेल आयोजित कर प्रतिस्पर्धा कराई गई.

## बालक छात्रावास में समरसता दिवस मनाया

**राजगढ़ 06 दिसम्बर, का.** अभाविप द्वारा बालक उत्कृष्ट छात्रावास में समरसता दिवस मनाया. नगर मंत्री कुलदीप सिंगी ने बताया की हम सब भारत माता के सूत, आपस में भाई-भाई ..卐 यह केवल गीत की पंक्ति नहीं हमारा आछ-विचार का संगठन सूत्र होना चाहिए. इस मौके पर जिला एसएफएस प्रमुख तुषार साहू, मुख्य अतिथि छात्रावास वॉर्डन राम सिंह परमार, जिला विस्तारक सौरभ प्रजापति, भाग संयोजक आनंद शर्मा, सह मंत्री वंशिका दूगारिया,मनीष बना कॉलज अध्यक्ष हर्ष बना, जतिन, सोनू, राजेश गुर्जर, हर्ष एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# उज्जैन सड़क हादसा, टोड़ी के युवक की मौत

## दोस्त के साथ जाते समय देवास रोड पर बीती रात्रि को हुई सड़क दुर्घटना

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 06 दिसम्बर, सं. शुक्रवार-शनिवार की रात्रि को उज्जैन में देवास रोड पर एक स्कॉर्पियों को आयशर वाहन ने टक्कर मार दी. दुर्घटना में स्कॉर्पियों में सवार दो दोस्तों का प्राणांत हो गया. इनमें एक युवक सुठालिया के समीप ग्राम टोड़ी निवासी है.**

जानकारी के अनुसार उज्जैन में देवास रोड पर यह हादसा हुआ. हादसे में दोनों दोस्त युवकों की गंभीर चोट के चलते मौत हो गई है. दोनों ही नरवर में अपने दोस्त के विवाह समारोह में भाग लेने के बाद वापस शहर की ओर लौट रहे थे कि मताना के पास तेज रफ्तार एक आयशर वाहन ने इनकी स्कार्पियों को टक्कर मार दी. दुर्घटना रात लगभग 3.30 बजे की बताई जाती है. दुर्घटना में मृत युवकों के नाम विशाल पिता भुवानसिंह उम्र 26 साल निवासी ग्राम टोड़ी सुठालिया एवं संदीप पिता सजनसिंह पटेल उम्र 35 साल निवासी ग्राम असलाना तहसील बड़नगर बताए गये है. युवक विशाल और संदीप अपने दोस्त उज्जैन के इंदिरा नगर में रहने वाले पवन सोनी की शादी में शामिल होने के लिए नरवर गए हुए थे. **जनवरी में थी शादी, तैयारी में जुटे थे परिजन-** युवक विशाल टोड़ी का रहने वाला है जो कि पिछले काफी सालों से उज्जैन में रहकर पढ़ाई कर रहा था. फिलहाल वह विक्रम विश्वविद्यालय से एमबीए फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहा था. जानकारी के अनुसार 12 जनवरी को उसकी शादी होने वाली थी. परिवार के लोग उसकी शादी की तैयारी में जुटे हुए थे.

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान : द्वितीय चरण इसी माह

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 06 दिसम्बर, का.** पशुओं का दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है जो कि तीन चरणों में सम्पन्न होगा. पहले चरण के बाद दूसरा चरण इसी दिसम्बर माह में होना है. विदित है कि प्रथम चरण 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलाया गया था. द्वितीय चरण दिसम्बर में प्रस्तावित है. जिसमें पशुपालन विभाग का मैदानी अमला पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, मैत्री, गौसेवकों के द्वारा गाय- भैंस रखने वाले पशुपालकों के घर- घर जाकर संपर्क करेंगें तथा उनको पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार आदि को लेकर पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा. पशुओं में टेग हैं या नहीं, इसकी जानकारी भी एकत्र की जाएगी. कार्यक्रम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया गया है जो मैदानी अमले को विकासखण्ड स्तर पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदाय करेंगे. जिला स्तर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत के पर्यवेक्षण में 30 से 40 के समूह में प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया. उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान नामक ऐप तैयार किया गया है. जिसमें प्रतिदिन मैदानी अमले द्वारा पशुपालक से संपर्क करने पर प्राप्त जानकारी भरी जाएगी. जानकारी अनुसार विकासखण्ड से लेकर राज्य स्तर तक के अधिकारियों द्वारा अभियान में सम्पादित कार्य का सत्यापन किया जाएगा.

# अपनी साईकिल पाकर प्रफुल्लित हुई 245 छात्राएं



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 06 दिसम्बर, का.** विकासखंड ब्यावरा में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निश्शुल्क साइकल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार सम्मिलित हुए. उन्होंने 245 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, साइकिल वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं, पीएम श्री स्कूल योजना, मुफ्त पाठ्यपुस्तक वितरण और नि:शुल्क गणवेश योजना जैसी योजनाएं बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है, वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बना रही है. इस अवसर पर अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी गोविंद कुमार दुबे, बीईओ दिलीप कुमार शर्मा, स्कूल प्राचार्य नाथु सिंह सिकरवार सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.



# वृद्धजनों के लिए श्रवण कुमार बने कलेक्टर

## जिले में कलेक्टर ने की विशेष धार्मिक यात्रा की पहल

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 06 दिसम्बर, का. जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा एक अनूठी पहल के रुप में उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए जिला अस्पताल में स्थित वृद्धा आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष धार्मिक यात्रा की पहल की है, जिसमें वृद्धजनों को उज्जैन स्थित महांकाल दर्शन के लिए ले जाया गया है.**

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा इस तरह की पहल कर सभी वृद्धजनों को उज्जैन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु भेजने की व्यवस्था कराई. वृद्ध आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित एवं सुखद यात्रा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा भोजन, आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई. प्रशासन की इस पहल से वृद्धजनों में अत्यंत उत्साह और भावनात्मक प्रसन्नता देखने को मिली है. सभी ने कलेक्टर डॉ. मिश्रा के प्रति आभार प्रकट किया.

### वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा है कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर है. उनके चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि सौभाग्य है. जिला प्रशासन द्वारा आगे भी इसी प्रकार की अनुकरणीय पहल जारी रखने की बात कही गई है. कलेक्टर ने कहा कि समाज में वृद्धजनों को सहयोग, सम्मान और स्नेह देना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है.

**भूमि आवंटन** ब्यावरा तहसील के तलौड़ी एवं सारंगपुर तहसील के कडलावद में बनेगी स्वावलंबी गौशाला

# 10 हजार गौवंश रखने दो गौशालाओं के लिए भूमि आवंटन

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 06 दिसम्बर, का. बेसहारा गौवंश को आश्रय मिल सके इस उद्देश्य से शासन द्वारा जिले में दो स्थानों पर दस हजार गौवंश को रखने हेतु दो स्वावलंबी गौशाला के लिए शासन ने गौशाला के लिए भूमि का आवंटन कर दिया गया है.**

जानकारी के अनुसार ब्यावरा तहसील के तालोडी गांव के समीप 57.7550 हेक्टेयर क्षेत्र में नजूल की भूमि को गौशाला हेतु हस्तांतरित किया है. वहीं सारंगपुर तहसील के ग्राम कडलावद में 50.1320 हेक्टयर भूमि गौशाला के लिए हस्तांरित की है.



### आय का साधन जुटा सकेंगे समूह

गौशाला का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह को ही गौशाला का संचालन करना होगा. इसके लिए वह गौशाला में गोबर आदि से विभिन्न प्रकार की सामग्री तैयार कर उसका विक्रय कर आय का साधन जुटा सकेंगे. गौशाला में बर्मी कम्पोज के साथ केंचुआ खाद का निर्माण, गोबर से कंडे, ईट, दीपक आदि वस्तुओं का निर्माण कर सकेंगे.

### एनजीओ ही करेगा समुचित देखरेख

स्वावलंबी गौशाला के लिए शासन द्वारा मात्र अनुदान राशि दी जाएगी जबकि गौशाला का समुचित संचालन संबंधित एनजीओ के द्वारा ही किया जाएगा. मवेशियों के लिए चारा, पानी आदि अन्य व्यवस्थाएं एनजीओ के द्वारा ही की जाएगी.

### बेसहारा गौवंश को मिल सकेगा आश्रय

जिले में दो विशाल स्वावलंबी गौशालाओं के निर्माण एवं संचालन से बेसहारा गौवंश को आश्रय मिल सकेगा. एक गौशाला में लगभग पांच हजार गौवंश रह सकेंगे. इस तरह बेसहारा गौवंश को काफी कुछ राहत मिल सकेगी.

### स्व सहायता समूह करेंगे संचालन

स्वावलंबी गौशाला का निर्माण शासन के द्वारा किया जाएगा. इनके संचालन का जिम्मा अनुबंध के आधार पर किसी स्व सहायता समूह को दिया जाएगा. जिसके द्वारा गौशाला का संचालन किया जाएगा. शासन द्वारा गौशाला में रखे जाने वाले मवेशी, पंजीयन के आधार पर निर्धारित अनुदान की राशि प्रदान की जाएगी.